मासिक ई-समाचार पत्रिका

मार्च-2023

# डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय

पूसा, समस्तीपुर-848 125, बिहार



**डॉ. पी. एस. पाण्डेय**
माननीय कुलपति

खंड–4, अंक–3
मार्च, 2023

संरक्षक:
**डॉ. पी. एस. पाण्डेय**
माननीय कुलपति

संकलन एवं संपादन:
**डॉ. राकेश मणि शर्मा**
**पी. कु. प्रणव**
**एम.एल. मीणा**
**कुमारी सपना**
**आशीष कुमार पंडा**
**सुधा नंदनी**
**गुप्तनाथ त्रिवेदी**
**कुमार राज्यवर्धन**

तकनीकी सहयोग:
**मनीष कुमार**

मुद्रण:
प्रकाशन प्रभाग
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा

संपर्क:
www.rpcau.ac.in
publicationdivision@rpcau.ac.in

## माननीय कुलपति महोदय का सन्देश

मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि हमारे विश्वविद्यालय द्वारा फरवरी महीने में तीन वृहत कार्यक्रम (दो पूसा परिसर में और एक पिपराकोठी परिसर में), किसान मेले और दीक्षांत समारोह का बहुत ही कम अंतराल पर सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह हमारी उन्नत कार्य-योजना, सटीक निष्पादन, और उत्कृष्ट आयोजन क्षमता को दर्शाता है। इन तीनों आयोजनों में बड़ी संख्या में किसानों, छात्रों और राज्य और केंद्र के गणमान्य लोगों की भागीदारी रही। किसान मेले का आयोजन 23-25 फरवरी के दौरान "प्राकृतिक खेती और पोषक-अनाज से किसानों की समृद्धि" विषय पर किया गया, इसमें उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य से बड़ी संख्या में किसानों (7 हजार से अधिक) और विभिन्न सरकारी और कृषि क्षेत्र में काम करने वाले निजी संगठन तथा सिक्किम, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार में अवस्थित भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के विभिन्न संस्थानों ने भाग लिया और 178 स्टालों पर अपनी नवीन तकनीकों और उत्पादों को प्रदर्शित किया।

यह गर्व की बात है की दिनांक 28 फरवरी 2023 को विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस समारोह में 635 छात्रों को स्नातक , स्नातकोत्तर और पीएच.डी. उपाधि एवं 15 छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया, जिसमें 260 उपाधि और 6 स्वर्ण पदक छात्राओं द्वारा प्राप्त किए गए जो भारत सरकार के "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" के नारे को ना सिर्फ परिलक्षित करता है अपितु जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन भी दर्शाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार, श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी रहे जिनके द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं उपाधियाँ प्रदान की गयीं। सम्मानित अतिथि के रूप में श्री कैलाश चौधरी, माननीय केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार, डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग और महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली और प्रोफेसर प्रफुल्ल कुमार मिश्रा, विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति भी उपस्थित रहे । इन सभी माननीयों की उपस्थिति में हमने शैक्षणिक परिसर के मुख्य द्वार के सामने तिरंगा पार्क में 106 फीट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज भी स्थापित किया, जिससे छात्रों और शिक्षकों के बीच राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति की भावना का संचारण होता रहेगा।

इन सभी आयोजनों का सीमित समय में सफलतापूर्वक सम्पादन करना वास्तव में एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, किन्तु हमारे शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और कार्यकारी सहयोगियों ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को निर्धारित समय सारिणी एवं अवकाश के दिनों में भी कार्य करके ससमय पूर्ण किया। जिससे मेरे विश्वास को बल मिला है कि शिक्षा, अनुसंधान या प्रसार से उत्पन्न किसी भी प्रकार की चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए हमारे पास उत्कृष्ट टीम है। मुझे यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इन आयोजनों के लिए दिन-रात काम किया। मैं उन सभी के अथक प्रयास के लिए उनकी सराहना करता हूँ।

इन सभी गतिविधियों को समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सकारात्मक रूप से स्थान दिया गया। उनके योगदान के लिए विशेष रूप से प्रचार और मीडिया समिति के सदस्य और इन आयोजनों की अन्य संबद्ध समितियाँ भरपूर प्रशंसा के पात्र हैं। साथ ही, मैं उन सभी छात्रों को भी बधाई देता हूँ, जिन्हें उपाधियाँ और स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। मैं उनके उन्नत एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

**जय हिन्द!**

**डॉ. पी. एस. पाण्डेय**

## किसान मेला-2023

- **डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार** ने विश्वविद्यालय प्रांगण में दिनांक 23 से 25 फरवरी, 2023 तक तीन दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया, जिसमें सिक्किम, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य के पांच भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद संस्थानों ने निजी संगठनों के साथ भाग लिया और किसानों, युवाओं और स्कूली बच्चों को शिक्षित करने के लिए अपनी तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस मेला में एक सौ अठहत्तर (178) स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें 97 निजी संगठनों को, छह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद संस्थान को और तीन बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, बॉरलॉग इंस्टिट्यूट फॉर साउथ एशिया (BISA) और सेरिअल सिस्टम्स इनिशिएटिव फॉर साउथ एशिया (CSISA) को आवंटित किए गए थे। इसके अलावा विश्वविद्यालय को विभिन्न नवीन तकनीकों को प्रदर्शित करने के लिए चौबीस (24) स्टालों का आवंटन किया गया । बिहार और यू.पी. के करीब सात हजार किसानो ने इस तीन दिवसीय मेगा किसान मेला में भाग लिया।
- **मुख्य अतिथि डॉ. रामेश्वर सिंह, माननीय कुलपति, बिहार** पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के द्वारा मेले का उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, डॉ. पी.एस. पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि डॉ. अंजनी कुमार, निदेशक अटारी, पटना, डॉ. बिकास दास, निदेशक, भा. कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय लीची





# Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University

**Pusa, Samastipur, Bihar-848125**



**Dr. P. S. Pandey**
**Hon'ble Vice-Chancellor**

**Volume-4, Issue-3**
**March, 2023**

Chief Patron:
**Dr. P. S. Pandey**
Vice-Chancellor

**Compiled & edited by:**

**(Drs.)**
***R.M. Sharma,***
***P. K. Pranav***
***M.L. Meena***
***K. Sapna***
***A.K. Panda***
***S. Nandni***
***G. Trivedi***
***K. Rajyavardhan***

Tech. Asstt.:
**Manish Kumar**

Published by:
**Publication Division**
RPCAU, Pusa.

**Contact:**
www.rpcau.ac.in

## Vice-Chancellor's Message

I am extremely happy to share that our university has hosted three mega events (two at Pusa campus and one at Piprakothi campus) two farmers fairs and one convocation very successfully at very short intervals in the month of February 2023. It expresses our meticulous planning, precise execution, and excellent organizing capacity. In all these three events we have seen a large number of participation of farmers, students, and dignitaries from the state and central. The farmer's fair was organized during 23-25 February on the theme "Natural Farming and Nutri-cereal Cultivation for Farmers Prosperity" attracted large number of farmers (more than 7 thousand) from Uttar Pradesh and Bihar State and 178 stalls from different Government and Private organizations associations working in agricultural domains. ICAR research institutes of Sikkim, Odisha, M.P., U.P., and Bihar along with private organizations participated and displayed their innovative technologies and products.

It is a matter of immense pride that we had our 3rd Convocation on 28th February 2023 wherein 635 students were awarded with UG, PG and Ph.D. degree by the Chief Guest Hon'ble Union Minister of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India, Shri Narendra Singh Tomar ji in gracious presence of Guest of Honor Shri Kailash Choudhary, Hon'ble Union Minister of State for Agriculture and Farmers Welfare, Government of India, Dr. Himanshu Pathak, Secretary, Department of Agricultural Research and Education and Director General, Indian Council of Agricultural Research, New Delhi and Prof. Prafull Kumar Mishra, The Hon'ble Chancellor of the university. Out of 635 degrees and 15 Gold Medals, 260 degrees and 6 Gold Medals were bagged by the Girls Students indicating that "Beti Bachao-Beti Padhao" slogan of the Government of India getting ground implementation on solid footing. We also installed our National Flag on 106 feet high steel pole in line of main gate of academic premises at Tiranga Park giving prominent visibility and inducing sense of national pride and patriotism among students and faculties.

Accomplishing all these events successfully was really a challenging task to perform in real-time within a short time window. But our faculties and another executive arm not only worked in a great synchronization but also performed very well beyond the normal call of duties. It has further strengthened my belief which I used to reiterate that we have best brain to tackle any kind of challenging situation arising out of education, research and extension. I also feel proud to share that University officers and staff worked day and night for these events. I am thankful to all of them for their untiring effort.

These activities were positively highlighted in Newspaper and electronic media. For their contributions the members of the publicity and media committee in particular and other associated committees of these mega events in general deserves my rich appreciation. I also, congratulate all the students who have been conferred degrees and gold medals and wish them all the best for their future endeavors.

**Jai Hind!**

(Dr. P. S. Pandey)

## Kisan Mela-2023





- **Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University, Pusa, Bihar organized three days Kisan Mela from 23 – 25 February, 2023** in its sport ground. Five ICAR institutes from the State of Sikkim, Orissa, M.P., U.P., and Bihar along with private organizations participated and displayed their technologies to educate the farmers, youths and school children. Out of one hundred seventy-eight (178) Stalls created 97 were allotted to the private organizations, six to ICAR institute and three to Bihar Animal Sciences University, Patna, BISA & CSSISA. Besides fifty four Stalls were allocated to display various innovative technologies developed by RPCAU. Around Seven thousand farmers from Bihar and U.P. participated in this three days Mega Kisan Mela.
- **The mela was inaugurated by Dr. Rameshwar Singh, Hon'ble Vice Chancellor, BASU, Patna** as Chief Guest in presence of the Hon'ble Vice-Chancellor of this University, Dr. P. S. Pandey accompanied by the Special Guest Dr. Anjani Kumar, Director ATARI, Patna, Dr. Bikash Das, Director, ICAR, National Research Centre on Litchi, Muzaffarpur, Sri Puran Chand



अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर, श्री पूरन चंद बेहरा, अंचल प्रबंधक, पी.एन.बी और डॉ. ए.के. ठाकुर, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना भी उपस्थित रहे। डॉ. रामेश्वर सिंह, माननीय कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने किसानों के लाभ के लिए किसान मेला के महत्व को रेखांकित किया।

- **माननीय कुलपति, डॉ. पी. एस. पाण्डेय** ने किसानों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया तथा मेले का विषय " प्राकृतिक खेती और पोषक-अनाज से किसानों की समृद्धि " एवं विश्वविद्यालय को हाल ही में दिए गए चार पेटेंट और छात्रों के लिए शुरू किए जाने वाले नए फाउंडेशन कोर्स "दीक्षारंभ" की भी जानकारी दी।



- **दूसरे दिन के मुख्य अतिथि डॉ. एच.पी. सिंह, पूर्व कुलपति** एवं सम्मानित अतिथि श्री विनय कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक, नाबार्ड, पटना रहे। उन्होंने माननीय कुलपति और विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं/निदेशकों के साथ सभी स्टालों का भ्रमण किया। उन्होंने आय बढ़ाने के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली तथा सभी स्टालों पर प्रदर्शित सभी प्रदर्शनियों और मॉडलों की सराहना भी की।

- **तीसरे दिन समापन सत्र में डॉ. शिव प्रसाद किमोथी, सदस्य, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, नई दिल्ली** मुख्य अतिथि थे। डॉ. किमोथी ने अपने संबोधन में किसान मेले की उपयुक्त विषय का चयन करने के लिए विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में किसानों को उनकी अच्छी आजीविका के लिए सशक्त बनाने के लिए इस्तेमाल की जा रही किसानों के अनुकूल विभिन्न तकनीकों के बारे में भी बताया। माननीय कुलपति द्वारा 32 प्रगतिशील किसानों और 05 पंचायत प्रधानों को उनकी उपलब्धि और कृषि विज्ञान केन्द्रो के समर्थन के लिए सम्मानित किया गया। तीन दिनों तक किसान-वैज्ञानिक संवाद और किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों ने वैज्ञानिक के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और निदान प्राप्त किया।



## तृतीय दीक्षांत समारोह की झलकियाँ

- **डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह दिनांक 28 फरवरी, 2023 को गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर, पूसा में आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार थे। इस पुनीत अवसर पर श्री कैलाश चौधरी, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक,भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्रा, माननीय कुलाधिपति, रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा, श्री अजय निषाद, लोकसभा सदस्य, मुजफ्फरपुर, श्रीमती वीणा देवी, लोकसभा सदस्य, वैशाली, श्री प्रिंस राज, लोकसभा सदस्य, समस्तीपुर, और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।**






- **दीक्षांत समारोह की शुरुआत शैक्षणिक शोभायात्रा के साथ हुई,** जिसका नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार ने माननीय कुलपति महोदय एवं आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों, शैक्षणिक परिषद के सदस्यों, प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता और विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ किया। तत्पश्चात माननीय कुलपति ने विगत वर्ष की विश्वविद्यालय की उपलब्धि प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में, उन्होंने छात्रों के लिए एक



Behra, Zonal Manager, PNB and Dr. A. K. Thakur, Director Extension Education, BASU, Patna. Dr. Rameshwar Singh, Hon'ble Vice Chancellor, BASU, Patna highlighted the importance of Kisan Mela for benefit of the farmers.



- **Dr. P. S. Pandey, Hon'ble Vice-Chancellor while addressing the farmers** gave an account of different technologies developed by the University and explained the theme of the Agricultural fair "Natural Farming and Nutri-Cereal Cultivation for Farmers Prosperity". He also informed about four patent recently awarded to the University and new foundation course "Deeksharambh" to be started for the Students.



- **On 2nd day Dr. H. P. Singh, Ex-Vice Chancellor was the Chief Guest and guest of honour was Sri Vinay Kumar Sinha, General Manager, NABARD, Patna.** They visited the all stalls along with Hon'ble Vice Chancellor and Dean/Directors of the University. They appreciated the all exhibits and models displayed at all stalls by adopting integrated farming system to increase the income.
- **On the 3rd day, Dr. Shiv Prasad Kimothi, Member, ASRB, New Delhi** was the Chief Guest in the valedictory Session.



- **Dr. S. P. Kimothi, in his address profusely thanked the University for selecting the appropriate theme of Kisan Mela.** He also narrated different farmers' friendly technologies being used in different parts of the country to empower the farmer for their decent livelihood. Thirty two progressive farmers & 05 Panchayat Pradhan were facilitated by the Hon'ble Vice Chancellor for their achievement and support to the Krishi Vigyan Kendra. All three days farmers, Scientists interaction and Kisan Gosthi was held wherein farmers raised their problems to the Scientist and got clarification thereof.

## Glimpses of 3rd Convocation

- **The 3rd convocation of Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University was held on 28th February, 2023 at Sugarcane Research Institute premises, Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University, Pusa. The Chief Guest of the convocation was Shri Narendra Singh Tomar Ji, the Hon'ble Minister of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India. On this auspicious occasion Shri Kailash Choudhary, Hon'ble Minister of State, Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India, Dr. Himanshu Pathak, Secretary, DARE & DG, ICAR, Prof. Prafull Kumar Mishra, Hon'ble Chancellor, RPCAU, Pusa, Shri Ajay Nishad, Member of the Lok Sabha, Muzaffarpur, Smt. Veena Devi, Member of the Lok Sabha, Vaishali, Shri Prince Raj, Member of the Lok Sabha, Samastipur, and many other dignitaries were present.**






- **The convocation began with the Academic Procession**, which was led by the Registrar of the University, Dr. Mritunjay Kumar, Invited Dignitaries, Academic Council Members, Board of Management Members, Deans of different Colleges, and Heads of different Departments. Thereafter, the Hon'ble Vice-Chancellor presented the reports of the university for previous years. In his address, He also informed about the new foundation course "Deeksharambh" to be started for the Students. Altogether 242 undergraduates, 371 postgraduates, and 22 Ph.D.



नया फाउंडेशन कोर्स "दीक्षारंभ" शुरू करने की भी जानकारी भी दी। इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि द्वारा 242 स्नातक, 371 स्नातकोत्तर और 22 पीएच.डी. छात्रों को डिग्री के साथ-साथ विभिन्न कॉलेजों के पीएच.डी., स्नातकोत्तर और स्नातक छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।







- **मुख्य अतिथि श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी** ने अपने संबोधन में सैनिकों और किसानों को बराबर का दर्जा देते हुए अपनी भावना व्यक्त की "जिस तरह सैनिक सीमाओं पर बहादुरी से खड़े होकर देश की रक्षा करते हैं, ठीक वैसे हीं हमारे किसान कृषि उत्पादों का उत्पादन करके देश की खाद्य सुरक्षा में अभूतपूर्व योगदान कर रहे हैं। । अगर किसान खेती नहीं करता है तो पैसे होते हुए भी हम अपनी भूख और प्यास बुझा नहीं सकते हैं। 140 करोड़ भारतीयों के लिए हमारा कृषि क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है। देश में कृषि के महत्व को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने इस क्षेत्र को प्राथमिकता पर रखा है"। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी छात्र- छात्राओं को भी बधाई दी और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की।









- **पदक विजेताओं की सूची**

मत्स्यकी महाविद्यालय , ढोली के छात्र अपूर्व शरण को सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल करने के लिए विजिटर्स गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। तिरहुत कृषि महाविद्यालय ढोली के रिंटो नंदी को स्नातक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए चांसलर गोल्ड मेडल दिया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय , पिपराकोठी की मनीषा भारद्वाज, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की निकिता, आधार विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की जयंती कुमारी और सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, रा.प्र.के.कृ.वि. पूसा की के.एम. वीथिका को विभिन्न विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। संबंधित महाविद्यालयों और विभागों के स्नातक और स्नातकोत्तर शीर्षस्थ छात्रों ने भी स्वर्ण पदक प्राप्त किए।





students were awarded degrees along with gold medals to university toppers of the Ph.D, Postgraduate and Undergraduate students of different colleges.







- **The Chief Guest, Shri Narendra Singh Tomar ji, Hon'ble Agriculture and Farmers Welfare Minister** in his address drew parallel between soldiers and farmers and said that "the way soldiers protect the country by standing bravely on the borders, similarly our farmers are making an unprecedented contribution to food security by producing agricultural produce. If the farmer does not farm, despite having the money we can not eat or drink to satisfy our appetite and thirst. Our agricultural sector is very important for 140 crore Indians. In view of the importance of agriculture in the country, The Government under the leadership of Prime Minister Shri Narendra Modi has placed this sector on priority". He also congratulated the degree awardee and praised the achievements of the university.









- **List of medalists:**

  Apoorva Sharan, a student of College of Fisheries, Dholi was awarded the Visitor's Gold Medal for securing the highest marks. Rinto Nandi Student of Tirhut College of Agriculture, Dholi, was given the Chancellor's Gold Medal for the best performance in the Graduation examination. Gold medals were given to Manisha Bhardwaj of Pt. Deen Dayal Upadhyay College of Horticulture and Forestry, Piprakothi, Nikita of College of Agricultural Engineering and Technology, Jayanthi Kumari of College of Basic Science and Humanities and KM Vithika of College of Community Science, RPCAU Pusa for their best performance in various subjects. UG and PG topper students from respective colleges and departments also received Gold medals.





## शैक्षणिक गतिविधियाँ



- **बीज निदेशालय, ढोली परिसर** में कृषि-औद्योगिक सम्बद्ध कार्यक्रम के तहत तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली के 7वें सेमेस्टर के छात्रों को बीज प्रसंस्करण की नवीनतम जानकारी से अवगत कराया गया।



- **डॉ. पी. एस. पांडेय , माननीय कुलपति,** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ दिनांक 12.02.2023 को तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षण, अनुसंधान और प्रसार गतिविधियों की समीक्षा की और परिसर की स्थिति में सुधार के लिए कई दिशा-निर्देश दिए।



- **डॉ. पी.पी. सिंह, अधिष्ठाता, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली** ने दिनांक 18 फरवरी, 2023 को व्यावहारिक फसल उत्पादन (पीसीपी) पाठ्यक्रम के तहत 5वें सेमेस्टर के छात्रों के लिए आवंटित भूखंडों का भ्रमण किया। उन्होंने संबंधित फसलों पर छात्रों के साथ बातचीत की और पाठ्यक्रम के तहत छात्रों द्वारा क्षेत्र के काम से संतोष व्यक्त किया।

- **कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एलुमनी टॉक** कृषि अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रा.प्र.के.कृ.वि. पूसा के बैच- 1986 के छात्र डॉ विकास कुमार, वर्तमान में संयुक्त निदेशक, सी.डी.ए.सी, पुणे, भारत ने दिनांक 17 फरवरी 23 को "यूज़ ऑफ़ हाई परफॉर्मेंस कम्प्यूटेशनल फ़्लूइएड डायनामिक्स " पर एक व्याख्यान दिया। उन्हें कृषि अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय स्टार एलुमनी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।





- **कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि अभियांत्रिकी वैज्ञानिकों का भ्रमण** डॉ एम.एम. पांडेय, पूर्व उप महानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी), भा.कृ.अनु.प. और डॉ. के.के. सिंह, पूर्व एडीजी (कृषि अभियांत्रिकी), भा.कृ.अनु.प. ने दिनांक 13 फरवरी 2023 को कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, पूसा का भ्रमण किया और महाविद्यालय के विकास और उपलब्धियों की सराहना की। ई-सेल आई.आई.टी. मुंबई द्वारा पिछले महीने आयोजित एशिया के सबसे बड़े उद्यमिता व्यवसाय सम्मेलन में प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं की व्यवस्थित प्रस्तुति में कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भी सराहना की गयी।





## अनुसंधान गतिविधियाँ

- **कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, पूसा द्वारा कृषि यंत्रीकरण प्रशिक्षण का आयोजन** कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, पूसा में दिनांक 27 फरवरी 2023 को कृषि मंत्रालय, बिहार सरकार द्वारा प्रायोजित 14वें और 15वें बैच के लिए 'फार्म मशीनरी सर्विसेज एंड मेंटेनेंस टेक्नीशियन' पर 26 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया, जिसमे प्रत्येक बैच में मुजफ्फरपुरऔर बेगूसराय के 25 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।





- **मक्का पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम** पश्चिम चंपारण जिले के भेरियाही, थरुतोला में दिनांक 2-4 फरवरी, 2023 को मक्का पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा आदिवासी उप-योजना के तहत तीन दिवसीय मक्का प्रशिक्षण-सह-बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 75 किसानों ने भाग लिया और उन्हें कृषि आदान यथा मक्का के बीज, पैकेज ऑफ़ प्रैक्टिसेज आदि प्रदान किए गए।



- **मत्स्यकी महाविद्यालय, ढोली द्वारा रिवर रैंचिंग कार्यक्रम का आयोजन** मत्स्यकी महाविद्यालय, ढोली द्वारा दिनांक 14 फरवरी, 2023 को रैनी घाट, ढोली, मुजफ्फरपुर में बूढ़ी गंडक नदी में रैंचिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे इंडियन मेजर कार्प्स (रोहू, कतला और मृगल) की 3,84,000 फिंगरलिंग्स को एन.एफ.डी.बी, हैदराबाद द्वारा वित्त पोषित रिवर रेंचिंग प्रोग्राम प्रोजेक्ट के तहत पानी में छोड़ा गया।

## Academic Activities



- **7th semester students of Tirhut College of Agriculture, Dholi** were acquainted with latest information of seed processing under Agro-Industrial Attachment programme at Directorate of Seeds, Dholi campus.



- **Dr. P.S. Pandey, Hon'ble Vice- Chancellor,** Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University, Pusa along with university officials visited Tirhut College of Agriculture, Dholi campus on 12.02.2023. He reviewed the teaching, research and extension activities of the college and imparted several directives to change the face of the campus.



- **Dr. P.P. Singh, Dean, Tirhut College of Agriculture, Dholi** visited the plots allotted to 5th semester students under the Practical Crop Production (PCP) course on 18th February, 2023. He interacted with students on the respective crops and expressed satisfaction with the field work performed by the students under the course.



- **College of Agriculture Engineering and Technology Alumni Talk** Dr Vikas Kumar, (Batch-1986) Joint Director, CDAC, Pune, India delivered a talk on 'Use of High-Performance Computational Fluid Dynamics' at College of Agriculture Engineering and Technology, RPCAU Pusa on 17th Feb., 2023. He has been felicitated with the Award of College of Agriculture Engineering and Technology Star Alumni.
- **Visit of ICAR Agricultural Engineering Scientist to CAET** Dr M. M. Pandey, Ex Deputy Director General (Agril Engg), ICAR and Dr K.K. Singh, Ex ADG (Agril Engg), ICAR visited the College of Agricultural Engineering and Technology, Pusa on 13th Feb., 2023 and appreciated the recent development and achievements of the colleges, specially outstanding performance of CAET students in Asia's largest entrepreneurship business conclave organized by E-cell IIT Mumbai in the last month and systematic presentation of labs and workshops.





## Research Activities



- **College of Agricultural Engineering & Technology, Pusa organized farm mechanization training** A 26 day-skill training sponsored by the Ministry of Agriculture, Government of Bihar, for the 14th and 15th batch on 'Farm Machinery Services and Maintenance Technician' was organized and concluded on 27th Feb 2023. There were 25 participants in each batch from Muzaffarpur and Begusarai.



- **Training-cum Seed Distribution Programme organized by AICRP on Maize** A three days' Maize Training-cum-Seed Distribution Programme was organized under Tribal Sub-Plan scheme by AICRP on Maize TCA, Dholi from 2-4 February, 2023 at Bheriyahi, Tharutola of West Champaran district. About 75 farmers participated in the programme who were provided with farm inputs like maize seeds, packages of practices etc.



- **River Ranching Programme organised by College of Fishery, Dholi** College of Fisheries, Dholi released 3,84,000 fingerlings of Indian Major Carps (Rohu, Catla & Mrigal) for ranching in river Burhi Gandak at Raini Ghat, Dholi, Muzaffarpur on 14th February, 2023 under the River Ranching Programme Project funded by NFDB, Hyderabad.

➢ **अरहर, रेपसीड और सरसों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के निगरानी दल ने तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली का भ्रमण** डॉ. डी .के. पाटिल के नेतृत्व में अरहर पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना निगरानी टीम ने दिनांक 18 फरवरी, 2023 को ढोली केंद्र का भ्रमण किया और अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना परीक्षणों, स्टेशन कार्यक्रम और एफएलडी की निगरानी की। रेपसीड और सरसों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की निगरानी टीम ने दिनांक 20.02.2023 को ढोली केंद्र का भ्रमण किया। तिलहन फसल की निगरानी टीम के सदस्य डॉ एम.एस. खान, कीट वैज्ञानिक, जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने स्नातक के छात्रों के साथ बातचीत भी की।





➢ **क्षेत्र दिवस आयोजित** गन्ना अनुसंधान संस्थान, पूसा के आनुवंशिकी और पादप प्रजनन विभाग ने दिनांक 12 फरवरी, 2023 को गन्ना किस्म विकास कार्यक्रम के तहत "**क्षेत्र दिवस**" का आयोजन किया। माननीय कुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, किसान एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## प्रसार गतिविधियाँ

➢ **विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान केंद्र, शिवहर** द्वारा "पॉली हाउस प्रबंधन" पर पांच दिवसीय ग्रामीण युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाग लेने वाले किसानों को मिट्टी रहित मीडिया में कुकुर्बिटेसियस, सॉलेनेसियस और ठंडे फसल वाले पौधों को उगाने के लिए प्रशिक्षित किया गया।






➢ **कृषि विज्ञान केंद्र, शिवहर** द्वारा पशु संरक्षण मेला, कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी में उद्यान प्रदर्शनी एवं आत्मनिर्भर कृषि महोत्सव-2023 में भागीदारी की गयी और मेले में आने वाले किसानों को "एकीकृत कृषि प्रणाली" के मॉडल का प्रदर्शन कर जानकारी दिया गया।



➢ **कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली** द्वारा उर्वरक इनपुट डीलरों के लिए दिनांक 17/02/2023 से 03/03/2023 तक कृषि विज्ञान केंद्र बिरौली में 15 दिवसीय एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



➢ **कृषि विज्ञान केंद्र, तुर्की, मुजफ्फरपुर** ने दिनांक 28/02/2023 को खरौना गांव में मशरूम के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर किसान गोष्ठी सह प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य अतिथि श्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, की उपस्थिति में किया। श्री कैलाश चौधरी माननीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री और श्री अजय निषाद माननीय सांसद, मुजफ्फरपुर ने किसानों को उद्यमिता विकास और सरकार के योजना के बारे में जानकारी साझा की।




➢ **मुख्य अतिथि श्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार** द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के तुर्की, लाडा, सुखेत एवं नरकटियागंज के प्रशासनिक भवन एवं किसान छात्रावास का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री कैलाश चौधरी माननीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार, डॉ. हिमांशु पाठक, महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. और सचिव, डेयर, नई दिल्ली, डॉ. पी.एस. पांडे, कुलपति, रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा, डॉ. प्रफुल्ल कुमार मिश्रा, कुलाधिपति, रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा, श्री अजय निषाद, माननीय सांसद, मुजफ्फरपुर, श्रीमती वीणा देवी, माननीय सांसद वैशाली और श्री प्रिंस राज, माननीय सांसद समस्तीपुर उपस्थित थे।



➢ **कृषि विज्ञान केंद्र, लाडा, समस्तीपुर** द्वारा हैप्पी सीडर से गेहूं की खेती की गयी और संसाधन संरक्षण तकनीक के तहत सतही मिट्टी पर अवशेषों को भी बरकरार रखा गया। स्थानीय किसानों ने कृषि विज्ञान केंद्र, लाडा की बीज उत्पादन इकाई का भ्रमण किया और शून्य-जुताई वाले गेहूं उत्पादन के प्रदर्शन को देखकर बहुत उत्साहित हुए।

## पुरस्कार, खेल और अन्य गतिविधियाँ

➢ **डॉ. रमन त्रिवेदी, प्राध्यापक, मत्स्य विज्ञान, बिधान** चन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, कल्याणी, पश्चिम बंगाल ने कृषि अभियांत्रिकी एवं प्राद्यौगिकी महाविद्यालय, पूसा का भ्रमण किया एवं छोटे और सीमांत कृषक समुदाय के लिए प्रोटोटाइप मशीनों की उपयोगिता बढ़ाने के तात्कालिक तरीको से अवगत कराया।





- **Monitoring Team of AICRP on Pigeonpea, and AICRP on Rapeseed & Mustard, visited TCA, Dholi.** Monitoring Team of AICRP on Pigeonpea led by Dr. D.K.Patil visited Dholi centre on 18th February, 2023 and monitered the AICRP trials, station programme and FLDs. Monitoring team AICRP on Rapeseed & Mustard visited Dholi centre on 20.02.2023. Dr M.S. Khan, Prof. Entomology, G.B Pant University of Agriculture & Technology as a member of monitoring team of Oilseed crop also interacted with the UG students of BSc. Agriculture.



- **Field-day organized** The Department of Genetics and Plant Breeding of SRI, Pusa organized "Field Day" on 12th February, 2023 under Sugarcane Varietal Development Programme. Hon'ble Vice-Chancellor inaugurated the event. All the Deans, Directors, Scientists, Farmers and Media Persons were present on this occasion.

## Extension Activities




- **A five days rural youth training program** on "Poly House Management" was conducted by SMS, Agril Engg, KVK, Sheohar. Participating farmers were trained in Growing Cucurbitaceous, Solenaceous and cold crop plants in soil less media.
- **Krishi Vigyan Kendra, Sheohar participated** in Pashu Sanrakshan Mela, Udyan Pradarshini evam Atmanirbhar Krishi Mahotsav-2023 at KVK, Piprakothi and demonstrated model of "Integrated farming system" to the mela visiting farmers.





- **Krishi Vigyan Kendra, Birauli,** Conducted 15 days Integrated Nutrient Management Training Programme for Fertilizer Input Dealers from 17/02/2023 to 03/03/2023 at KVK Birauli.
- **Krishi Vigyan Kendra, Turki,** Muzaffarpur organized Kisan gosthi cum training on Processing and value addition of Mushroom in Kharona village on 28/02/2023 in gracious presence of Chief Guest Sri Narendra Singh Tomar, Hon'ble Minister of Agriculture and Farmers welfare, Sri Kailash Chaudhary Hon'ble Minister of State Agriculture and Farmers Welfare and Sri Ajay Nishad Hon'ble MP, Muzaffarpur who apprised the farmers about entrepreneurship development and Govt. Scheme.






- **Krishi Vigyan Kendra's Turki, Lada, Sukhet and Narkatiaganj** Administrative building and Farmers Hostel were inaugurated by the Chief Guest Sri Narendra Singh Tomar, Hon'ble Minister of Agriculture and Farmers Welfare, Govt. of India, Sri Kailash Chaudhary Hon'ble Minister of State, Agriculture and Farmers Welfare, Govt. of India, Dr. Himanshu Pathak, DG, ICAR and Secretary, DARE, New Delhi, Dr. P.S. Pandey, Vice-chancellor, RPCAU, Pusa, Dr. Praful Kumar Mishra, Chancellor, RPCAU, Pusa, Sri Ajay Nishad, Hon'ble MP, Muzaffarpur, Smt. Veena Devi, MP, Vaishali and Sri Prince Raj, MP, Samastipur.



- **Krishi Vigyan Kendra, Lada, Samastipur-II** cultivated wheat with happy-seeder and also retained residue on surface soil as part of resource conservation technique. Now, the wheat is at grain-filling stage with very Vigorous growth in respect of conventionally tilled wheat. Local farmers have visited the seed production unit of KVK, Lada and get very excited by seeing the performance of zero-tilled wheat.

## Awards, Sports & Other activities



- **Dr. Raman Trivedi, Professor,** Fishery Science, BCKV Kalyani, West Bengal visited CAET, Pusa and suggested some improvised way of thinking to scale up prototype machines among small and marginal farming community.

- **डॉ. अब्दुस सत्तार, सह प्राध्यापक, कृषि मौसम विज्ञान, सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज ऑन क्लाइमेट चेंज,** रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा को वर्ष 2022 के लिए थेओरिटिकल एंड एप्लाइड क्लाइमेटोलौजी में प्रकाशित उनके शोध पत्र "मॉडलिंग क्लाइमेट स्मार्ट राइस-व्हीट प्रोडक्शन सिस्टम इन द मिडिल गंगेटिक प्लेन्स ऑफ़ इंडिया" पेपर को "प्रो. एस. वेंकटरमन बेस्ट पेपर अवार्ड" सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र के रूप में घोषित किया गया। उन्हें 15-17 फरवरी 2023 के दौरान तमिल नाडू कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर में राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में प्रमाण पत्र और पदक दिया गया।




- **डॉ. अब्दुस सत्तार, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. रत्नेश कुमार झा, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. उदित कुमार, डॉ. नीलांजय, डॉ. शांतनु कुमार बल और डॉ. गुलाब सिंह** द्वारा लिखित "इवैल्यूएशन ऑफ़ वाटर बैलेंस कंपोनेंट्स फॉर डिफरेंट डिस्ट्रिक्ट ऑफ़ बिहार" और "क्रॉप वेदर कैलेंडर्स फॉर मेजर क्रॉप्स ऑफ़ बिहार : एग्रो-क्लाइमेटिक टूल्स फॉर क्लाइमेटिक रिस्क मैनेजमेंट" नामक दो पुस्तकों को रा.प्र.के.कृ.वि, पूसा के तीसरे दीक्षांत समारोह दिनांक 28 फरवरी, 2023 को श्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय मंत्री, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विमोचित किया गया।






- **डॉ. माधुरी आर्य, सहायक प्राध्यापक और प्रधान अन्वेषक,** अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना चना को 10 फरवरी, 2023 को नास (NASC) कॉम्प्लेक्स, न्यू दिल्ली में इंडियन सोसाइटी ऑफ पल्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट, भा.कृ.अनु.प.-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पल्स रिसर्च, कानपुर-208024 के फेलो के रूप में सम्मानित किया गया।

- **तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली** को किसान मेला, 2023 में विश्वविद्यालय स्टाल श्रेणी के तहत द्वितीय पुरस्कार मिला। बागवानी विभाग, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली ने डाहलिया, पॉटेड गेंदा और गुलाब के लिए तीन प्रथम पुरस्कार जीते।









- **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार,** हरियाणा में दिनांक 20-24 फरवरी, 2023 तक आयोजित XXI अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद मीट 2022-23 में रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया और राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय के लिए एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

- **दिनांक 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत्त हुए निम्न विश्वविद्यालय कर्मचारियों का विदाई समारोह माननीय कुलपति, रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा की गरिमापूर्ण उपस्थिति में आयोजित की गई।**

1. डॉ.एम.एस. अली, प्राध्यापक, वानिकी
2. डॉ.एस.के. सिंह, प्राध्यापक, मत्स्यकी
3. श्री सुरेन्द्र मोहन तिवारी, सहायक
4. श्री अशोक कुमार सिन्हा, वरीय तकनिकी पदाधिकारी
5. श्री विष्णुदेव राम, वरीय तकनिकी सहायक
6. श्री राकेश कुमार राय, उच्च वर्गीय लिपिक
7. मो. जियाउल हक, उच्च वर्गीय लिपिक
8. श्रीमती साहिदा खातून, वरीय तकनीशियन
9. श्री राम सुफल, राय, वरीय तकनीशियन
10. श्री राम शंकर राय, तकनीशियन
11. श्री छठु राम, कुशल भारवाही कर्मचारी
12. श्री राम पुलिस राय, कुशल भारवाही कर्मचारी
13. श्री फुदेनी राय, कुशल भारवाही कर्मचारी
14. श्री गणेशी पासवान, कुशल भारवाही कर्मचारी




## सम्मेलन/प्रशिक्षण आदि में भागीदारी

- **डॉ. आई.बी.पांडे,** मुख्य अन्वेषक अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना अरहर और डॉ. बी. कुमार, पौधा रोग वैज्ञानिक, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली ने 10-12 फरवरी, 2023 के अवधि में नास कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में दाल पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन: "कृषि स्थिरता और पोषण सुरक्षा के लिए स्मार्ट फसलें" में भाग लिया और अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए।





- **डॉ. अदिता शर्मा, सहायक प्राध्यापक, मत्स्यकी महाविद्यालय, ढोली** ने भा.कृ.अनु.प.-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेशवाटर एक्वाकल्चर (सीआईएफए), भुवनेश्वर, ओडिशा द्वारा 6 से 10 फरवरी, 2023 तक आयोजित "फ्रेशवाटर पर्ल फार्मिंग फॉर एंटेप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट" पर ऑन-हैंड प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।



- **श्री आर. के. ब्रह्मचारी, सहायक प्राध्यापक** एवं मुख्य अन्वेषक और डॉ. एस. के. नायक, सहायक प्राध्यापक सह- मुख्य अन्वेषक मत्स्यकी महाविद्यालय, ढोली ने , 27 फरवरी से 01 मार्च 2023 तक भा.कृ.अनु.प.-सी.आई.बी.ए., चेन्नई में आयोजित जलीय पशु रोग-द्वितीय चरण (एनएसपीएडी) लॉन्च एवं समीक्षा बैठक के लिए राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम में भाग लिया।

- **Dr. Abdus Sattar, Associate Professor,** Agrometeorology, Centre for Advance Studies on Climate Change, RPCAU, Pusa was conferred with "Prof. S. Venkatraman best paper award" for the year 2022 for his Research paper "Modelling climate smart rice-wheat production system in the middle Gangetic plains of India" published in Theoretical and Applied Climatology. The paper was adjudged as the best paper and the certificate and medal were given during the inaugural function of National Conference at TNAU, Coimbatore during 15-17 February 2023.




- **CASCC releases two books on the occasion of 3rd Convocation of RPCAU, Pusa** Two books entitled "Evaluation of Water Balance Components for Different Districts of Bihar" and "Crop Weather Calendars for Major Crops of Bihar: Agro-climatic Tools for Climatic Risk Management" authored by Dr. Abdus Sattar, Dr. Mritunjay Kumar, Dr. Ratnesh Kumar Jha, Dr. Sanjay Kumar Singh, Dr. Udit Kumar, Dr. Nilanjaya, Dr. Santanu Kumar Bal and Dr. Gulab Singh were released in the 3rd Convocation of RPCAU, Pusa on 28th February, 2023 by Shri Narendra Singh Tomar, Union Minister of Agriculture and Farmers Welfare, Govt. of India,








- **Dr. Madhuri Arya, Assistant Professor & Principal Investigator, AICRP** on Chickpea has been awarded as Fellow of Indian Society of Pulses Research & Development, ICAR-Indian Institute of Pulses Research, Kanpur-208024 on February 10, 2023 at NASC complex, New Delhi.
- **TCA, Dholi got 2nd prize in Kisan Mela, 2023** under university stall category. Department of Horticulture, TCA, Dholi has bagged three 1st prizes for Dahlia, Potted Marigold and Rose.





- **Students of different colleges** participated in XXI All India Agricultural University Sports and Games Meet 2022-23 at CCS, HAU, Hisar from 20-24 February, 2023 and won one silver and two bronze medal for the University at National level.
- **A farewell Ceremony of the following university employees who superannuated on 28th Feb., 2023 was organized in the gracious presence of Hon'ble Vice-Chancellor, RPCAU, Pusa**

1. Dr. M. S. Ali, Professor, Forestry
2. Dr. S.K. Singh, Professor, Fisheries
3. Shri Surendra Mohan Tiwari, Assistant
4. Shri Ashok Kumar Sinha, STO
5. Shri Vishundeo Ram, STA
6. Shri Rakesh Kumar Rai, UDC
7. Md. Ziaul Haque, UDC
8. Smt. Sahida Khatoon, Sr. Technician
9. Shri Ram Suphal, Rai, Sr. Technician
10. Shri Ram Shankar Rai, Technician
11. Shri Chattu Ram, SSS
12. Shri Ram Police Rai, SSS
13. Shri Phudeni Rai, SSS
14. Shri Ganeshi Paswan, SSS




## Participation in Conferences/ Trainings etc.

- **Dr. I. B. Pandey, PI-AICRP** on pigeon pea and Dr. B. Kumar, Pulse Pathologist, TCA, Dholi attended and presented their papers in International Conference on Pulses: Smart crops for Agricultural Sustainability and Nutritional Security during 10-12 February, 2023 at NASC Complex, New Delhi.



- **Dr. Adita Sharma, Assistant Professor, CoF, Dholi** participated in on-hand training programme on "Freshwater Pearl Farming for Entrepreneurship Development" organized by ICAR-Central Institute of Freshwater Aquaculture (CIFA), Bhubaneswar, Odisha from 6th to 10th February, 2023.





- **Sri R. K. Brahmchari, Assistant Professor** PI and Dr. S. K. Nayak, Assistant Professor as Co-PI, participated in National Surveillance Programme for Aquatic Animal Disease-Phase II (NSPAAD).